# मोर संगवारी सेवा घर–घर पहुंचा रही अपनी सेवा

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ देने मोर संगवारी सेवा योजना संचालित है। इस योजना के माध्यम से भिलाई के नागरिक घर बैठे टॉल फ्री नबंर 14545 पर कॉल कर मोर संगवारी के एजेंट से आवश्यकता के अनुरूप प्रमाण पत्र बनवा सकते है। मोर संगवारी सेवा योजना के माध्यम से नागरिको को 27 प्रकार की सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जाता है। जैसे विवाह प्रमाण पत्र 2974, मृत्यु प्रमाण पत्र 1580, जन्म प्रमाण पत्र 2492, दुकान एवं स्थापना पंजीयनध्गुमस्ता लाइसेंस 355, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन 12966, पैन कार्ड सेवा 271, आधार मोबाईल नबंर अपडेट 13692, मूल निवासी प्रमाण पत्र 1369, अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र 61, पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र 284, आय प्रमाण पत्र 3437, एपीएल राशन कार्ड 277, विवाह सुधार 139 इस प्रकार कुल 42586 प्रमाण पत्र बनाकर नागरिकों को लाभान्वित किया जा चुका है।

